स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महानिदेशक का संदेश

78वें स्वतंत्रता दिवस के इस गौरवमय अवसर पर, मैं सीआईएसएफ के सभी बल सदस्यों और उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

आज का दिन हम सभी के लिए अपने पूर्वजों, शहीदों और उन समर्पित योद्धाओं के बलिदानों का सम्मान करने का दिन है, जिन्होंने हमें स्वतंत्रता दिलाने में एवं इसे बनाए रखने के लिए संघर्ष किया। यह दिवस केवल हमारी स्वतंत्रता का उत्सव मनाने का दिन नहीं है, अपितु हमें हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाने वाला एक पावन अवसर है। यह समय है जब हम अपने देश की सेवा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नए सिरे से संकल्पित करें और उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं।

आज के समय में जब हम अभूतपूर्व चुनौतियों और तेजी से बदलते सुरक्षा प्रतिमान का सामना कर रहे हैं, हमारी जिम्मेदारी है कि हम राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की सुरक्षा को और भी मजबूती से संभालें। हमें पेशेवर उत्कृष्टता के अथक प्रयास के माध्यम से सभी नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा को लगातार बनाए रखना होगा।

भविष्य की ओर बढ़ते हुए, हमें उस एकता, धैर्य और सामूहिक प्रयासों की भावना को अपनाना होगा, जिसने हमें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। हमारे यही प्रयास भारत को एक सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। हमें अपने कर्तव्य और सम्मान के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए यह संकल्प लेना होगा कि वैश्विक मंच पर राष्ट्र का गौरव सदैव कायम रहे।

इस विशेष दिन के अवसर पर, मैं आप सभी के लिए सुख, स्वास्थ्य और सफलता की कामना करता हूँ। आइए, हम सभी मिलकर एक बेहतर और सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रयासरत रहें।

जय हिन्द।

अनीश द. सिंह

(अनीश दयाल सिंह)
महानिदेशक